# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अगस्त 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# गोधन न्याय योजना को हितग्राहियों को भुगतान किया गया

भिलाई नगर। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत निगम क्षेत्र के पंजीकृत 38 पशुपालकों को 89934 रूपए पहला भुगतान किया गया। इस योजना के तहत सबसे अधिक वार्ड-3 यादव मोहल्ला कोसा नगर निवासी मनोज यादव ने गोबर बेचकर 9296 रूपए कमाए। मनोज के पास 23 गाय और भैंस हैं। उन्होंने 20 जुलाई को ही पंजीयन कराया तथा 1 अगस्त तक गोधन न्याय योजना के अंतर्गत शहरी गौठान में 4648 किलोग्राम गोबर बेचा। श्री यादव को दो रूपए की दर से उन्हें बुधवार को समन्वय समिति ने बैंक के माध्यम से 9296 रूपए भुगतान किया गया। इसी प्रकार वार्ड-3 निवासी भरत लाल यादव ने 4032 किलोग्राम गोबर बेचा था। उन्हें 8065 रूपए भुगतान किया गया। योजना के नोडल अधिकारी व उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत पशुपालक गोबर बेचने अपना पंजीयन निरंतर करा रहे हैं। इनमें से 38 हितग्राही 20 जुलाई से लगातार शहरी गौठान में गोबर बेच रहे हैं। इस तरह से 20 जुलाई से 1 अगस्त की अवधि में पंजीकृत 38 पशुपालकों से कुल 44,967 किलोग्राम खरीदी गई। जिसका पहला भुगतान बैंक खाते के माध्यम किया गया। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत कोई भी पशुपालक जोन कार्यालय से संपर्क कर पंजीयन करवा सकता है। निगम प्रशासन की ओर से चिन्हित स्थल पर ले जाकर गोबर बेच सकता है। जोन-1 अंतर्गत शहरी गौठान कोसा नगर, जोन-4 एसएलआरएम सेंटर में गोबर खरीदी की व्यवस्था की गई है। इसी तरह से जोन-2, जोन -3 और जोन-5 में भी गोबर खरीदा जाएगा। पंजीकृत हितग्राहियों के बैंक खाता के माध्यम से 15-15 दिन के अंतराल में भुगतान किया जाएगा।





# निगम की टीम ने आकाश गंगा सब्जी मंडी में चलाया बेदखली अभियान

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम की टीम ने आकाश गंगा सब्जी मंडी सुपेला में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। आकाश गंगा सब्जी मंडी की खुली भूमि सहित आठ चबूतरों के बीच की खाली जगह पर टिन शेड लगाकर की गई कब्जा को खाली कराया गया। देर शाम तक तीन बैकहो लोडर मशीन से चबूतरे और टिन शेड को हटाने की कार्रवाई की। पार्किंग और वेस्ट डंप करने के लिए आरक्षित स्थल के कब्जाधारियों को स्वयं से कब्जा हटा लेने की चेतावनी दी गई। वहीं नेहरू नगर जोन-1 जोन कमिश्नर सुनील अग्रहरि ने सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को कब्जाधारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। स्वयं से कब्जा नहीं हटाने पर तोड़फोड़ की कार्रवाई को आगे भी जारी रखने के निर्देश दिए। तहसीलदार और पुलिस जवानों की मौजूदगी में हुई कार्रवाई भिलाई नगर तहसीलदार योगेन्द्र वर्मा, सुपेला पुलिस के जवानों की मौजूदगी में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई। आकाश गंगा सब्जी मंडी में पार्किंग के लिए आरक्षित खुली भूमि पर गजेन्द्र पांडेय और अश्वनी गुप्ता के द्वारा कब्जा करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। खुली भूमि पर उन्होंने लोहे की पाइप, एंगल और टिन की सीट से शेड बना लिया था। गोडाउन के रूप में उपयोग कर रहा था। निगम प्रशासन ने दोनों के नाम नोटिस जारी कर 6 अगस्त तक कब्जा हटा लेने की चेतावनी दी थी। निर्धारित अवधि में उन्होंने कब्जा नहीं हटाया। तहसीलदार, जोन कमिश्नर और पुलिस बल के नेतृत्व में जब निगम की टीम कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंची तो कब्जाधारी गजेन्द्र पांडेय और अश्वनी गुप्ता ने कार्यवाही बधित करने का प्रयास किया। तहसीलदार वर्मा और सुपेला थाना प्रभारी ने दोनों को कानूनी की कार्रवाई की जैसे ही चेतावनी दी। दोनों पीछे हट गए।





## स्वच्छता से संबंधित पेंटिंग से आकर्षक लग रही पावर हाउस अंडरब्रिज

भिलाई नगर । नगर निगम प्रशासन स्वच्छ भारत मिशन के मानकों के मुताबिक स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने प्रयासरत है। वही स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत अधिक से अधिक अंक हासिल करने की दिशा में कार्य शुरू किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर की प्रमुख सड़कों के डिवाइडर का मरम्मत, चौक-चौराहे और अंडरब्रिज का रंगरोंगन सहित सौंदर्यीकरण करवाई जा रही है। दीवारों पर पेटिंग्स और स्लोगन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में नंदनी रोड के डिवाइडर की रंगाई पुताई करवाई जा रही है! बता दें कि नंदनी रोड के सौंदर्यीकरण के लिए निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निगम सीमा क्षेत्र से लगे हुए एसीसी जामुल के प्रबंधक को पत्र प्रेषित किया था, तथा निगम आयुक्त ने जल्द ही कार्य प्रारंभ करने कहा था जिस पर सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है और डिवाइडर की पुताई मनमोहक रूप में की जा रही है! स्वच्छ भारत मिशन, भारतीय रेल, शिक्षित भारत, स्वस्थ भारत जैसे पेटिंग्स से अंडरब्रिज की दीवारें आकर्षक लग रही है। निगम प्रशासन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत, स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई की परिकल्पना  को साकार करने के लिए कई सारे कदम उठाए हैं ! इसी कड़ी में अंडरब्रिज की दीवारों का रंगरोगन भी किया जा रहा है। कलाकारों को स्वच्छता से जुड़े पेटिंग्स और स्लोगन लिखने कहा गया है। कलाकारों ने अब तक अंडरब्रिज की दीवारों पर चित्र के माध्यम से कोरोना महामारी से बचाव के लिए चेहरे पर मास्क जरूरी, सोशल डिस्टेसिंग, छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति जैसे कई चित्र बनाई गई है।



## तीन तालाब से चर्चित बापू नगर तालाब बनेगा आकर्षण का केन्द्र, 13200 वर्गमीटर क्षेत्र में फैले तालाब के चारो तरफ निगम ने बिखेर दी हरियाली

भिलाई नगर। तीन तालाब के नाम से शहर में चर्चित बापू नगर तालाब न केवल खुर्सीपार क्षेत्र के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेंगा, बल्कि इस तालाब की हरियाली से क्षेत्र की आबोहवा में बदलाव देखने को मिलेगी। हरियाली के लिए 13200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैले इस तालाब के चारो तरफ पेड़-पौधे रोपे गए हैं। जिससे तालाब सुंदर व आकर्षक लग रही है। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों के सेहत और मनोरंजन को ध्यान में रखकर तालाब का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। अब तक तालाब सौंदर्यीकरण का लगभग 80 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। फिनिशिंग से संबंधित कार्य जैसे पेवर ब्लाॅक, चैनलिंक फैसिंग और पेटिंग्स शेष है। इन कार्यो को निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जोन-4 के अधिकारियों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। जोन-4 की उप अभियंता प्रकृति जगताप ने बताया कि राज्य प्रवर्तित मद के अंतर्गत बापू नगर तालाब गहरीकरण और सौंदर्यीकरण प्रस्तावित है। दो पार्ट में तालाब का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। पहले पार्ट को नेहरू नगर भेलवा तालाब की तरह सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। घाट निर्माण, लाइटिंग, पाथवे बनाया गया है। दूसरे पार्ट को बच्चों के खेलकूद के लिए अलग से चिल्डन प्ले ग्राउंड बनाया गया है। जन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दो गजीबो बनाया गया है। लोगों के बैठने के लिए चारो तरफ 12 बेंच लगाने का काम चल रहा है। आकर्षण के लिए मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर तालाब के चारो तरफ के रिटेनिंग वाल की साज-सज्जा किया जा रहा है। बस्तर की कलाकृतियां दीवारों पर उकेरी जा रही है। पाथवे के किनारे मूर्तियां भी स्थापित की गई है।





# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चौक-चौराहे पर स्थापित महापुरुषों के प्रतिमाओं की हो रही है साफ-सफाई

भिलाईनगर / स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत चौक चौराहे में स्थापित महापुरुषों के प्रतिमाओं की सफाई कराई जा रही है! नेहरू नगर चौक, वार्ड 27 हाउसिंग बोर्ड, वार्ड 19 जवाहर चौक, वार्ड 14, वार्ड 24 शारदापारा कॉलोनी, पावर हाउस चौक, वार्ड 22 जलेबी चौक, वार्ड 24 शारदा पारा मिलन चौक, अंडरब्रिज प्रियदर्शनी परिसर स्थित चौक सहित निगम क्षेत्र के अन्य स्थानों पर स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई कराई गई। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि निगम आयुक्त के निर्देशानुसार भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत स्थापित महापुरूषों की प्रतिमाओं की सफाई कराई जा रही है। निगम का अमला गुरुवार एवं आज सुबह से निगम परिसर की साफ-सफाई करने में जुटे रहे! कोरोना काल को मद्देनजर रखते हुए मास्क की अनिवार्यता का पालन करते हुए अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में मुख्य कार्यालय में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। निगम मुख्यालय भवन को रंगीन झालरों से सजाया गया है। 15 अगस्त को सुबह 7:30 बजे ध्वजहारोहण किया जाएगा। इस दौरान कोरोना वायरस से बचाव हेतु शासन के निर्देशों के पालन करते हुए अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जाएगा।





## स्वतंत्रता दिवस के 74 वें वर्षगाठ पर नगर पालिक निगम भिलाई में पूरे सम्मान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

भिलाईनगर/ स्वतंत्रता दिवस के 74 वें वर्षगाठ पर नगर पालिक निगम, भिलाई में पूरे सम्मान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा। निगम मुख्य कार्यालय प्रांगण में सर्वप्रथम लोक कर्म प्रभारी श्री नीरज पाल, आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी, अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह, उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं तरुण पाल लहरें, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने ध्वजारोहण स्थल पर भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना किए! तत्पश्चात महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी श्री नीरज पाल ने आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी एवं निगम के अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई दी! निगम मुख्यालय सहित जोन कार्यालय में साफ सफाई चुना मार्किंग, रंगीन झालर लाइट, झाड़ियों की कटाई की गई! निगम क्षेत्र के चौक चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई कराई गई साथ ही कुछ स्थानों पर रेलिंग इत्यादि को सुधार कर संधारण किया गया! निगम के जोन कार्यालय में प्रातः 7:00 बजे जोन अध्यक्ष, जोन क्रमांक 4 एवं सभापति पी श्याम सुंदर राव ,जोन अध्यक्ष भोजराज सिन्हा वाहन शाखा में महापौर परिषद के सदस्य एवं वाहन शाखा प्रभारी जोहन सिन्हा के द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया एवं निगम मुख्य कार्यालय में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण श्री नीरज पाल के द्वारा किया गया!






# पशुपालकों में गोधन न्याय योजना को लेकर दिखा उत्साह, 15 दिन में पशुपालकों की संख्या हुई तीन गुनी

भिलाई नगर। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना को लेकर भिलाई निगम क्षेत्र के पशुपालकों में काफी उत्साह है। 15 दिनों में गोबर बेचने वाले हितग्राहियों की संख्या 38 से बढ़कर तीन गुनी हो गई है। अपनी आमदनी में वृद्धि कर रहे हैंं। 31 जुलाई तक निगम में पंजीकृत पशुपालकों की संख्या 38 थी। निगम प्रशासन की समन्वय समिति ने 20 अगस्त को बैंक खाते के माध्यम से पंजीकृत हितग्राहियों को 5,06 402 रुपए भुगतान किया। इससे पहले निगम प्रशासन की समन्वय समिति ने 38 हितग्राहियों को 89934 रुपए भुगतान किया था। निगम प्रशासन ने शासन के निर्देशानुसार 2 अगस्त से 15 अगस्त तक गोबर विक्रय करने वाले हितग्राहियों को भुगतान किया है। पंजीकृत हितग्राहियों ने 1,49, 419 किलो गोबर विक्रय किया। विक्रय करने वाले सभी हितग्राहियों के बैंक खाते के माध्यम भुगतान किया गया। इसी प्रकार जोन 2 वैशाली नगर में 25 हितग्राहियों ने 21,970 किलोग्राम गोबर बेचा। जिसका 43940 रुपए भुगतान किया गया। जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा में 10 हितग्राहियों ने 1,6204 किलोग्राम गोबर का 32,408 रुपए प्राप्त किया, जोन क्रमांक 4 के पंजीकृत 60 हितग्राहियों से समिति ने 65608 किलो गोबर क्रय किया था। जिसका 1,31,216 रुपए भुगतान किया गया। पहले चरण में निगम की समन्वय समिति ने 38 हितग्राहियों से 27 जुलाई से 1 अगस्त तक 44967 किलोग्राम गोबर खरीदी किया था। जिसका 89934 रुपए भुगतान किया गया था। गोबर खरीदी के साथ ही वर्मी कंपोस्ट टैंक बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है एवं कई स्थलों पर निर्माण पूर्णता की ओर है!



## निर्धारित समय के पश्चात दुकान का आधा शटर गिराकर सामग्री बेचने पर निगम की टीम ने की कार्यवाही

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम की टीम ने जिला प्रशासन के आदेश का उल्लंघन कर व्यावसाय करने वाले दो व्यापारी के खिलाफ बीती रात शुक्रवार को कार्रवाई की। वहीं निर्धारित समय के बाद भी दुकान का आधा शटर गिराकर व्यावसाय करने वाले दुकानदार बालाजी किराना स्टोर से 5000 रूपए जुर्माना वसूला गया तथा निर्धारित समय पश्चात दुकान खुला रखने पर जैन प्रोविजन एवं किराना स्टोर से भी 5000 जुर्माना वसूल किया गया। दुकानदार को निर्धारित समय में दुकान खोलने और बंद करने की समझाइश और आदेश का उलंघन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई! जोन क्रमांक 5 के सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी की टीम ने शुक्रवार रात्रि को सेक्टर-4, हॉस्पिटल सेक्टर इत्यादि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उनसे निगम की टीम ने 10000 रूपए अर्थदंड वसूल किया। भिलाई निगम अंतर्गत जोन की गठित टीम दुकानों के खुलने एवं बंद होने के निर्धारित समय का पालन कराने मुस्तैद है और आदेशों की अवहेलना करने वाले ऐसे दुकानदारों पर कार्यवाही कर रही है!





**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई